हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 16 दिसंबर 2025

सागर | खुरई | बांदरी | जरुआखेड़ा | बीना | बंडा | राहतगढ़

04 आधा दर्जन साइबर अपराधी दबोचे, खातों...




07 एक पटवारी, दो पंचायत सचिव और एक आश्रम...



## खबर संक्षेप

### मुन्ना शुक्ला स्मृति ग्रंथ संवाद पुरुष का लोकार्पण 17 दिसम्बर को

**सागर**। सागर नगर में साहित्य और संगीत को जीवन्त करने वाले संस्कृतिविद, श्रुतिमुद्रा एवं बुनियाद सांस्कृतिक समितियों के संस्थापक, स्व. मुन्ना शुक्ला को समर्पित स्मृति ग्रंथ संवाद पुरुष - मुन्ना शुक्ला का विमोचन व लोकार्पण 17 दिसम्बर, बुधवार को सायं 4.30 बजे से रवीन्द्र भवन सागर में किया जाएगा। कार्यक्रम में एफ.एस.एल. मध्यप्रदेश के पूर्व निदेशक डॉ. हर्ष शर्मा एवं सुप्रसिद्ध लेखिका डॉ शरद सिंह सागर के वक्तव्य होगें। दिल्ली विश्वविध्यालय में पदस्थ प्रसिद्ध सितारवादक डॉ. गोपाल शाह सितारवादन की प्रस्तुति देंगे। नगर महापौर संगीता तिवारी कार्यक्रम की मुख्य अतिथि होंगी। बुनियाद अध्यक्ष प्रो. दिनेश अत्रि व श्रुतिमुद्रा अध्यक्ष डॉ कविता शुक्ला के द्वारा नगर के समस्त संस्कृति प्रेमियों को इस आदरांजलि में सादर आमंत्रित किया गया है।

### उपभोक्ता अधिनियम-2019 के संबंध में बैठक 23 दिसंबर को

**सागर**। राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग भोपाल के निर्देशानुसार जिला स्तर के विभिन्न अधिकारियों को ई-जागृति एवं उपभोक्ता अधिनियम-2019 के प्रावधानों के कार्यान्वयन-जागरुकता हेतु 23 दिसम्वर को दोपहर 3:00 बजे से 4:00 बजे तक कलेक्टर सभाकक्ष में कार्यशाला का आयोजन किया गया है।

### केन्द्रीयकृत वेतन प्रोसेसिंग की सुविधा

**सागर**। नियमित एवं गैर नियमित कर्मचारियों को प्रत्येक माह की 01 तारीख को वेतन भुगतान करने हेतु केन्द्रीयकृत वेतन प्रोसेसिंग की सुविधा विकसित की गई है, जिससे प्रत्येक डीडीओ पृथक से वेतन जनरेशन का कार्य नहीं करना होगा। प्रत्येक माह की 19 तारीख के पूर्व समस्त कमर्चारियों के पे-रिकॉर्ड से संबंधित आवश्यक संशोधन करना तथा स्टॉप सेलरी एवं जीवन निर्वाह भत्ता के आवश्यक ऑनलाईन ऑर्डर निर्मित करना आवश्यक है, जिससे केन्द्रीयकृत वेतन प्रोसेसिंग की सुविधा अंतर्गत वेतन देयक त्रुटिरहित एवं सही देयक जनरेट हो सके। उक्त प्रक्रिया उपरांत माह की 23 तारीख तक वेतन देयक क्रियेटर / डीडीओ लॉगिन में प्रदर्शित होंगे, जिसे मिलान कर भुगतान हेतु कोषालय को प्रस्तुत करे, जिससे कर्मचारियों को प्रत्येक माह की 01 तारीख को वेतन भुगतान किया जा सके। यदि आहरण एवं संवितरण अधिकारी द्वारा वेतन देयक किये जाते है तो देयक में किये गये संशोधन का उचित कारण स्पष्ट होना चाहिए एवं भुगतान समय पर न होने की स्थिति में सम्पूर्ण उत्तरदायित्व आहरण एवं संवितरण अधिकारी का होगा।

**कमिश्नर ने नगरीय प्रशासन, नगर निवेश और श्रम विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा की**

# प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना में अधिक से अधिक हितग्राहियों को लाभान्वित करें: संभाग कमिश्नर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



आश्रय स्थलों पर सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराएं, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना में अधिक से अधिक हितग्राहियों को लाभान्वित करें, अनुग्रह राशि के प्रकरणों का निराकरण समय सीमा में करें एवं प्रदूषण रोकने के लिए औद्योगिक क्षेत्रों में लगातार मॉनीटरिंग करें। उक्त निर्देश कमिश्नर सागर संभाग श्री अनिल सुचारी ने नगर एवं ग्राम निवेश, नगरीय प्रशासन, श्रम विभाग एवं प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की समीक्षा बैठक में संबंधित अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर संयुक्त कमिश्नर राजेश शुक्ला, नेक तिवारी, ज्योति पाण्डेय, अरविन्द साल्वे मौजूद थे।

कमिश्नर अनिल सुचारी ने निर्देश दिए कि संभाग के सभी कलेक्टर, नगर निगम कमिश्नर, नगर पालिकाओं के अधिकारी अपने अपने क्षेत्र की आश्रय स्थलों को निरीक्षण करें एवं उनमें सभी मौसम के अनुसार सुविधाएं उपलब्ध कराएं एवं तीन दिवस में प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि दीनदयाल रसोई का लाभ अधिक से अधिक देने के लिए इसकी स्थापना सार्वजनिक पहुंच वाले स्थापनों पर सुनिश्चित की जाए जिससे कि अधिक से अधिक आवश्यक व्यक्तियों को लाभान्वित किया जा सके। इस योजना के तहत गरीब और कमजोर तबके के लोगों को सस्ते दरों पर भोजन मुहैया कराया जा रहा है। इस योजना का प्रचार प्रसार भी कराया जाए तथा मजदूरों को उनके कार्य स्थल पर स्वच्छ और शुद्ध भोजन सस्ते दरों पर उपलब्ध कराया जाए। बैठक में नगरीय क्षेत्रों में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत संचालित निर्माण कार्यों की जिलेवार समीक्षा करते हुए कमिश्नर ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत कराए जा रहे निर्माण कार्यों की सतत मॉनीटरिंग सुनिश्चित की जाए तथा प्रधानमंत्री आवास योजना के आवासों का निर्माण गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित किया जाए। समीक्षा के दौरान कमिश्नर ने दमोह, पन्ना और निवाड़ी के नगरीय क्षेत्रों में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी की अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त की तथा संबंधित विभाग के अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कमिश्न ने निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत सभी जिले शत प्रतिशत लक्ष्य पूरा करें इसके लिए सभी संबंधित अधिकारी बैकर्स से लगातार समन्वय बनाकर लाभान्वित कराएं। इस योजना के अंतर्गत प्रथम बार में 15 हजार, द्वितीय में 25 एवं तृतीय वर्ष में 50 हजार रुपए के लोन प्रदान किए जाते हैं। उन्होंने स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत खुरई, सागर के नगरीय क्षेत्र की सराहना करते हुए कहा कि इसी प्रकार के कार्य संभाग के सभी नागरीय क्षेत्रों में किए जाएं। बैठक में नगरीय प्रशासन विभाग को सीएम हेल्पलाइन योजना के तहत प्राप्त शिकायतों की स्थिति की जिलेवार समीक्षा करते हुए कमिश्नर ने निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों के निराकरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही और उदासीनता बर्दास्त नहीं की जाएगी। कमिश्नर ने निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों का निराकरण सभी अधिकारी सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ करें अन्यथा उनके विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी। बैठक में कमिश्नर ने श्रम विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जिलवार समीक्षा करते हुए कहा कि श्रमिक परिवारों को अनुग्रह सहायता राशि वितरण के बड़ी संख्या में आवेदन जनपद पंचायतों और नगरीय निकायों में लंबित हैं।



## अपराधियों पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून और जिला बदर की कार्रवाई हो: रघु ठाकुर

### शहर की कानून व्यवस्था ठीक करने डीआईजी को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

बुंदेलखंड नागरिक संघर्ष मोर्चा की ओर से विगत दिनों सागर जिले में हो रही अपराधिक घटनाओं को लेकर डीआईजी सागर को ज्ञापन सोपा गया है। ज्ञापन पूर्व अपने संबोधन में रघु ठाकुर ने कहा कि आज पुलिस और अपराधियों का गठजोड़ होने से कानून व्यवस्था चरमरा गई है । अपराधियों में पुलिस का कोई डर नहीं बचा है। विगत दिनों विजय टॉकीज चौराहे के पास आमजन रहगीरो और नागरिकों के साथ कई लोगों ने खुलेआम कटर, छुराबाजी की घटना की। कई दुकानों के मकान के कांच फोड़े और लोगों को भयाक्रांत किया। यदि अपराधियों पर सख्त कार्यवाही नहीं होती तो सागर बंद किया जाएगा। इस अवसर पर ज्ञापन सौंपने वालों में सुनील जैन पूर्व विधायक, एड, अंकलेश्व दुबे, सुरेंद्र सुहाने, प्रभात जैन, प्रदीप गुप्ता, राकेश राय, प्रभात जैन, चैतन्य पांडे, पप्पू तिवारी शिवसेना, विजय साहू, पंकज सिंघई, सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे, कमलेश जैन, हर्षवर्धन सिंह, पदम जैन, विभव जैन, भारत कुशवाहा, विनोद तिवारी, नितिन पचौरी, संजय व्यास, राजीव जैन, विनीत जैन, महेश अहिरवार,रूप सिंह, आनंद रोहित, कुंदन विश्वकर्मा, विवेक जैन, राजीव जैन, शहर भाजपा, कांग्रेस और अन्य दलों के सैकड़ो लोग नागरिकगण शामिल थे।

## पापी से पापी आत्मा को भी मुक्त करती है श्रीमद् भागवत कथा: पूज्य संत श्री चिन्मयानंद बापू




**सागर**। खेल परिसर के बाजू वाले मैदान में शुरू हुई श्रीमद् भागवत कथा के प्रथम दिवस में परम पूज्य संत श्री चिन्मयानंद बापू जी ने कहा श्रीमद् भागवत कथा ही एकमात्र ऐसी कथा है इसके अंदर जीवित व्यक्ति के साथ साथ मरे हुए व्यक्ति को भी मुक्त करने का सामर्थ है। कोई भी व्यक्ति कितना भी पाप किया हो जीवन भर कितनी भी गलत कार्यों में लिप्त रहा हो ऐसी व्यक्ति के मृत्यु के पश्चात यदि उसके नाम से श्रीमद्भागवत कथा कर दी जाए बह भी मुक्त हो जाता है। श्री बापू ने कहा की भागवत कथा के अंदर गोकर्ण धुंधकारी संवाद में हमें यही बताया गया कि जीवन भर धुंधकारी ने पाप किया और बाद में गोकर्ण ऋषि ने उनके नाम से श्रीमद् भागवत कथा का गान किया और वह मुक्त हुए। बापूजी ने कहा कि जहां पर भागवत कथा होती है वहां पर उस समय में सारे तीर्थ सारी नदियां सारे देवता विचरण करते हैं। श्रीमद् भागवत कथा कल्पतरू की तरह है जिसकी शरण में बैठने पर हमारी सारी मनोकामनाएं भागवत कथा पूर्ण करती है। बापूजी ने कहा कि भागवत कथा में जो व्यक्ति जिस मनसा के साथ बैठता है उसकी सारी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। लेकिन व्यक्ति की भावना पवित्र हो और संसार के मंगल की कामना उसके मन में हो ऐसे व्यक्ति की मनोकामना भागवत कथा से पूर्ण होती है। बापूजी ने कहा कि भागवत कथा मैं ऐसा समर्थ है भक्ति मैया के दोनों पुत्र ज्ञान वैराग्य वृंदावन की भूमि पर वृद्ध हो गए थे लेकिन जब श्रीमद् भागवत कथा का ज्ञान नारद जी ने सनकादिक ऋषियों से कराया तो वृंदावन की धरा पर जो ज्ञान वैराग्य वृद्ध हो गए थे वह भी चेतन अवस्था में आकर नृत्य गान करने लगे और उनके साथ भक्ति मैया भी नृत्य करने लगी बापूजी ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण का बांग मय स्वरूप श्रीमद् भागवत कथा है।

## शासकीय विद्यालय के विद्यार्थियों का हेल्थ केयर विषय अंतर्गत औद्योगिक भ्रमण

**सागर**। मध्य प्रदेश शासन की योजना अनुसार एवं कलेक्टर के निर्देशानुसार सागर के शासकीय विद्यालय में संचालित हेल्थ केयर एवं फिजिकल एजुकेशन के तहत आज शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जमुनिया चिखली के छात्र-छात्राओं का औद्योगिक भ्रमण चिखली जमुनिया से सागर वैदिक इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी हुआ व लक्ष्मी नारायण हॉस्पिटल सागर का किया गया जिसमें शाला के हेल्थ केयर के छात्र सम्मिलित हुए आज बस के द्वारा समस्त छात्रों को सागर के लिए रोरी तिलक लगाकर फूल देकर व शाला के प्रभारी प्राचार्य भरत सिंह परिहार ने हरी झंडी दिखाकर छात्रों को रवाना किया गया। व्यावसायिक शिक्षा के नोडल शिक्षक अरुण कुमार दुबे द्वारा समस्त छात्रों को निर्देशित कर व चार शिक्षकों की ड्यूटी लगाकर सागर के लिए रवाना किया गया। श्री पृथ्वीराज सिंह यादव नरेश यादव कु. अंजली डांगी डॉ राहुल चौरसिया ,डॉ अरविंद कुमार यादव द्वारा छात्रों को सुरक्षित ढंग से वैदिक इंस्टीट्यूट आफ फार्मेसी सागर व लक्ष्मी नारायण हॉस्पिटल सागर का भ्रमण कराया गया व हेल्थ केयर से संबंधित समस्त जानकारियां प्रदान की गई। वैदिक इंस्टीट्यूट सागर में भोजन व्यवस्था की गई।

## आयु कितनी हो गई यह नहीं सोचें, हर सुबह की शुरुआत नई ऊर्जा से करें: भूपेन्द्र सिंह

**सागर**। आयु कितनी हो गई यह नहीं सोचें, हर सुबह की शुरुआत नई ऊर्जा से करें। आप सभी के पास जीवन का बड़ा अनुभव है। नवीन विचारों और अनुभव का संगम हो तब निर्णय प्रक्रिया सटीक हो जाती है। भगवान श्री राम को युवावस्था में बुजुर्ग जामवंत जी के अनुभव का लाभ मिला तो समुद्र को भी रास्ता छोड़ना पड़ा। यह उद्गार पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने मध्यप्रदेश राज्य विद्युत मंडल पेंशनर्स एसोसिएशन सागर क्षेत्र के वार्षिक सम्मेलन एवं आमसभा को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि हमारी जीवन शैली, बोली भाषा, परंपराएं हमें धर्म और संस्कृति से मिलते हैं। धर्म और संस्कृति नहीं होगी हमारा समाज संस्कारहीन समाज हो जाएगा। हमारे पड़ोसी देशों में जहां संस्कार, धर्म, संस्कृति नहीं है वहां राष्ट्रों की हालत अच्छी नहीं है। पूर्व गृहमंत्री सिंह ने पेंशनर्स एसोसिएशन के सदस्यों से कहा कि हमारी जिम्मेदारी खत्म नहीं हुई बल्कि जिम्मेदारी शुरू हुई है। अब आपको समाज के और देश के लिए काम करना है। जो हमारे आने वाली पीढ़ी है जो भारत का भविष्य है इन बच्चों का भविष्य बनाने की जिम्मेदारी हम सबकी है। यही भारतीय संस्कृति और अध्यात्म है। यही ज्ञान योग और कर्म योग है। उन्होंने कहा कि अपने जीवन में कभी यह सोच नहीं आना चाहिए कि हमारी आयु कितनी हो गई है। हर दिन को एक नई ऊर्जा के साथ शुरुआत करें, एक नई सुबह के साथ शुरुआत करें। अपने आप हमारी आयु बढ़ती जाती है।

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण** - 812. कु. रुचिका शर्मा पिता\पति निरिश कुमार शर्मा पता- मेकाहारा रायपुर, 813. दीपक बावने पिता\पति श्याम बावने पता- प्रोफेसर कॉलोनी रायपुर, 814. पल्लवी सिन्हा पिता\पति योगेश सिन्हा पता- कुशालपुर रायपुर, 815. कौशल्या तिवारी पिता\पति स्व.श्री रामेश्वर प्रसाद तिवारी पता- आमापारा रायपुर, 816. सरिता पाल पिता\पति बिरबल पाल पता- संतोषी नगर रायपुर, 817. आरव रात्रे पिता\पति रामेश्वर रात्रे पता- सड्डू रायपुर, 818. ब्यास नारायण वर्मा पिता\पति स्व.राम लाल वर्मा पता- चंगोरा भाटा रायपुर, 819. अराफत खान पिता\पति अफसर खान पता- देवी सरस्वती नर्सिंग होम बीएसयूपी सड्डू कॉलोनी, 820. अनामिका देवांगन पिता\पति पोषण कुमार देवांगन पता- संतोषी नगर प्रगति विहार कॉलोनी टिकरापारा, 821. राजेश कुमार यादव पिता\पति स्व. श्याम कुमार यादव पता- मठपारा गणेश चौक रायपुर, 822. मनोरमा तारक पिता\पति ग्वाल तारक पता- तर्रा सुरसाबांधा, 823. परमेश्वर साहू पिता\पति गया राम साहू पता- रांकाडीह, 824. संगीता नागदेव पिता\पति प्रीतम दास पता- नयापारा वार्ड न.32 बजरंग चौक धमतरी, 825. रमेश कुमार दासरवार पिता\पति शंकर स्वामी दासरवार पता- श्री नगर राधा स्वामी सत्संग रुद्री, 826. कांति साहू पिता\पति मान दास साहू पता- लक्ष्मी नगर, 827. अशोक राजपूत पिता\पति ताराचंद राजपूत पता- डोंगरगांव, 828. दिग्विजय कुमार नेताम पिता\पति शिव लाल नेताम पता- ग्राम काफामार पोस्ट गेंदाटोला तह. छुरिया, 829. वर्षाजली श्रीवास्तव पिता\पति देवेन्द्र श्रीवास्तव पता- जगदलपुर, 830. चन्द्रप्रभा कनौजे पिता\पति सीता राम कनौजे पता- महासमुंद, 831. विजय कुमार देवांगन पिता\पति खोरबाहरा देवांगन पता- सिचाई कॉलोनी कवर्धा, 832. लक्ष्मी चन्द्र पिता\पति स्व.छत्रपाल चंद्रा पता-LIG-11 H.B कॉलोनी जोराताल, 833. विनोद कुमार वर्मा पिता\पति केदार नाथ वर्मा पता- प्रगति विहार पंचशील नगर बलौदाबाजार, 834. वंशिका साहू पिता\पति डिशेन कुमार साहू पता- ग्राम भैसा जिला रायपुर, 835. सुषमा साहू पिता\पति विनोद कुमार साहू पता- रिसदा, 836. शैलेन्द्र यादव पिता\पति भोला राम यादव पता- एस.पी.अस्पताल वार्ड कोंडागांव, 837. युवराज कुमार देवांगन पिता\पति हृदय लाल देवांगन पता- प्लाट न.- 65 श्याम नगर अटल आवास के पास भिलाई, 838. मेधांश पिता\पति अनिल गंगभोज पता- वार्ड न.-01 बनगांव पंचायत समिति, 839. दामिनी साहू पिता\पति नरेन्द्र कुमार साहू पता- CONTRACTORE कॉलोनी सुपेला भिलाई, 840. अश्वनी एवस जोगे पिता\पति श्याम राव जोगे पता- 608 वार्ड 6 सिंधिया नगर दुर्ग, 841. रेणुका देवांगन पिता\पति दुलेश देवांगन पता- निकुम भिलाई दुर्ग, 842. सुषमा कुर्वे पिता\पति रमेश कुर्वे पता- S.I.F कॉलोनी L.I.G 35 बघेरा दुर्ग, 843. नारायण प्रसाद देशमुख पिता\पति एमन कुमार देशमुख पता- बमलेश्वरी कॉलोनी बोरसी, 844. शकुन पाण्डेय पिता\पति अश्वनी पाण्डेय पता- गणेश नगर रावण भाठा जामुल भिलाई, 845. श्रवण कुमार अन्सारे पिता\पति चंद्रभान पता- 77 रामनगर सुपेला भिलाई, 846. शुभांगी देवांगन पिता\पति सतीश देवांगन पता- सड़क न.- 01 कसारीडीह दुर्ग, **बिलासपुर संस्करण**- 847. तुरवी चौहान पिता/पति धनेश्वर लाल चौहान पता- कोरबा, 848. भव्या साहू पिता/पति बुधेशवर साहू पता- रायपुरा जंजगीर बालको, 849. उमेश तंबोली पिता/पति इंद्रा मार्केट पोड़िमार बालको, 850. काव्या कंवर पिता/पति सुशील कुमार पता- बालको, 851. लेविना साहू पिता/पति युगल किशोर साहू पता- धरदाई, 852. कल्पना गयाकवारड़ पिता/पति अमृत मोंडे पता- कोरबा, 853. पुष्पा यादव पिता/पति डोरी लाल यादव पता- मदरपारा, 854. कृतार्थ यादव पिता/पति दिलीप यादव पता- कोरबा, 855. चाहत दास पिता/पति निर्मल दास पता- बालको नगर, 856. ज्योति बरेठ पिता/पति यादव मोहला करिती पता- बालको, 857. आध्या श्रीवास पिता/पति नागेंद्र श्रीवास पता- निहारिका एल.ई.जी.-142, 858. विकास साहू पिता/पति फिरत राम साहू पता- संजय नगर गुप्ता गली कोरबा, 859. वीरेंद्र कुमार कुर्रे पिता/पति श्याम लाल कुर्रे पता- धमना मुड़ी, 860. गौतम पांडे पिता/पति चंद्रशेखर पांडे पता- दरदारखुर्द कोरबा, 861. राजेन्द्र कुमार सूर्यवंशी पिता/पति गुहारम सूर्यवंशी पता- परसाभाठा बालको, 862. योगेश बारीक पिता/पति भिखारी चरण बारीख पता- शारदा विहार कोरबा, 863. किशन कुमार गायकवार्ड पिता/पति देवगिरी गायकवार्ड पता- केदु विहार कोरबा, 864. दीक्षांत सिंह भारद्वाज पिता/पति रवींद्र कुमार भारद्वाज पता- होउसिंग बोर्ड बालको, 865. अंशु तिर्की पिता/पति भजन राम तिर्की पता- वार्ड- 40 नेहरू नगर बालको, 866. केशव प्रसाद यादव पिता/पति नन्द लाल यादव पता- गेवरा घाट कोरबा, 867. सोनम जैसवाल पिता/पति मनोज जैसवाल पता- नेहरू नगर बालको, 868. भगवान सिंह पिता/पति रामनरेश सिंह पता- रिंग रोड बालको, 869. मनोज कुमार श्रीवास पिता/पति जगदीश प्रसाद पता- लक्ष्मण बन तालाब नई बस्ती, **भोपाल संस्करण**- 870. मान्या प्रजापति पिता\पति रंजीत प्रजापति पता- जगदीशपुर इस्लामनगर, 871. कनक मीणा पिता\पति राजेन्द्र सिंह मीणा पता- 45 जय नगर कॉलोनी, 872. युवांश बैरागी पता- राम मंदिर के पास करोद भोपाल, 873. रवि साहु पिता\पति मदनलाल साहु पता- मकान नं 53 कपिला नगर करोद, 874. वेदांश यादव पिता\पति सुरेन्द्र सिह यादव पता- मकान नं.116 फेस-2 पारस नगर करोद, 875. राम सिंह राजपूत पिता\पति- रामसिंह राजपूतबने सिंह राजपूत पता- नजीराबाद भोपाल, 876. पूजा पिता\पति सत्यदेव द्विवेदी पता- करोद भोपाल, 877. मानशी पिता\पति शंकादीन बढ़ई पता- एच.न 121 जनता नगर फेस-3 करोद, 878. दक्ष विश्वकर्मा पिता\पति प्रदीप कुमार विश्वकर्मा पता- शंकर नगर विदिशा, **जबलपुर संस्करण**- 879. अर्चिता पांडेय पिता\पति भानु कुमार पांडे पता- वार्ड नंबर 4 निगवानी रोड कोतमा, 880. महिमा शर्मा पिता\पति मुकेश शर्मा पता- मेंन रोड कोतमा, 881. हर्ष कुमार नामदेव पिता\पति अखिलेश नामदेव पता- विकास नगर वार्ड नंबर 10 कोतमा, 882. अनुराग चौबे पिता\पति राजकुमार चौबे पता- मझौली वार्ड नंबर 16 पंडित मोहल्ला कोतमा, 883. प्राजली चौबे पिता\पति राजकुमार चौबे पता- मेंन रोड कोतमा, 884. अक्षय गौतम पिता\पति जितेंद्र कुमार गौतम पता- विकास नगर वार्ड क्रमांक 9 कोतमा, 885. अनुमति नायक पिता\पति वीरेंद्र नायक पता- पाटन, 886. रिद्धि तिवारी पिता\पति मनीष तिवारी पता- शिवनगर वार्ड नंबर 90 गढ़ा जबलपुर, 887. अरुण कुमार दुबे पिता\पति स्व बैजनाथ पता- दुबे 362 दुर्गा कॉलोनी घमापुर, 888. अर्पित जैन पिता\पति ऋषभ कुमार जैन पता- जगमोहन दास वार्ड कटनी।

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

**समग्र विकास भौतिक संसाधनों के साथ पर्यावरीण संरक्षण के साथ होना चाहिए: शैलेन्द्र**

# भारत में जल पाठशाला से लेकर जल विश्वविद्यालय स्थापित करने की आवश्यकता है: उमाशंकर पाण्डेय

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर




पंडितदीनदयाल उपाध्याय शासकीय कला एवं वाणिज्य विद्यालय में पीएम उषा परियोजना के अंतर्गत पर्यावरणी चुनौतियों और सतत विकास विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी का आयोजन किया गया। उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि शैलेन्द्र जैन विधायक सागर विषय प्रवर्तक खेत में मेड और मेड में पेड़ से चर्चा में आये पद्मश्री उमाशंकर पाण्डेय तथा अध्यक्षता डॉ. हरींसंह गौर केन्द्रीय वि.वि. के कुलपति डॉ. वाय.एस. ठाकुर ने की। स्वागत भाषण देते हुये डॉ. सरोज गुप्ता ने कहा कि विद्यार्थी भारतीय ज्ञान परम्परा से जुडे पूर्वजों के मूल्यों को अपनाये क्योंकि प्रकृति का संरक्षण ही प्रकृति का विकास है। मुख्य अतिथि शैलेन्द्र जैन विधायक सागर ने कहा कि समग्र विकास भौतिक संसाधनों के साथ पर्यावरीण संरक्षण के साथ होना चाहिए। विकास सतत चलने वाली प्रक्रिया है विकास का प्रभाव पर्यावरण पर नकारात्मक न हो इसका ध्यान योजना बनाने वालो को करना होगा। जल स्त्रोतो के साथ वायु एवं मृदा का संरक्षण के संबंध में व्यापक कानून बनाकर इनका संरक्षण किया जाये। जल योद्धा एवं विषय प्रवर्तक पद्यम श्री उमाशंकर पाण्डेय ने पर्यावरण संरक्षण के संबंध में अपनी बात को पुष्ट करते हुये कहा कि जल योद्धा के रूप में पांच नाम सामने आते हैं। जिनमें भागीरथ, अनुसैया, राजा भोज, अहिल्याबाई तथा दुर्गावती इनमें छटवा नाम सागर के लाखा बंजारा का नाम भी होना चाहिये। वर्तमान समय में यह कहते हुये दुख होता है कि जल संरक्षण पर केवल कुछ ही किताबे है जबकि जल बेचने पर हजारों किताबे मिल जायेगी। विश्व में कैपटाउन जल विहीन शहर हो गया हैं भारत के बैग्लौर उसी दिशा में बढ़ता हुआ शहर है। भारत में जल पाठशाला से लेकर जल विश्व विद्यालय स्थापित करने की आवश्यकता है। भारतीय इतिहास में मेघ माला, मेघ दूत जल मंगल नमदाष्टक में जल बनाने के ग्रंथ है। जल धन है अतः इसे संरक्षण करे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुये डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के कुल गुरू वाय.एस. राजपूत ने कहा कि सागर में बिजली से अंत्योष्टि करने का प्लांट फेल हो गया। जबकि अंत्योष्टि में कई कुंटल लकड़ी जलाई जा रही है। जो पेड़ कटने से ही आती है। मेडीकल कॉलेज को देहदान करके पेड़ों से लकड़ी काटने का कार्य रोका जा सकता है। डॉ. भावना यादव विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी ने कहा कि परिवर्तन विकास की परिभाषा है अतः सतत विकास सुरक्षित सकारात्मक विकास से ही किया जा सकता है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अमरकुमार जैन ने तथा आभार शुचिता अग्रवाल ने किया।

# SHRI KHATU SHYAM JYOTISH






## जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

**पं. रविकांत शर्मा / पं. एस. के. शास्त्री**




हर मुश्किल से मुश्किल समस्या का समाधान
"ज्योतिष मेरा काम नहीं, मेरी साधना है"
"जब कहीं ना हो काम, तो हमसे ले समाधान"



**ऑफिस आने पर मात्र ₹ 101/- फोन से परामर्श केवल ₹ 251/-**

व्यापार बढ़ोतरी, किया कराया,
शादी के लिए माता-पिता को मनाना

**जब कही ना हों काम, तो हमसे लें समाधान**

**पं. एस. के. शास्त्री**
जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

## जन्म पत्रिका बनाई जाती है



- नवग्रह आदि समस्त प्रकार के ज्योतिष समाधान
- व्यापार, विवाह, नौकरी में प्रमोशन
- मकान - संतान योग
- दुकान, बच्चो के कैरियर मार्गदर्शन
- कालसर्प दोष निवारण
- प्रेम विवाह, मोहनी
- मांगलिक दोष निवारण

**बुकिंग के लिए संपर्क करें : +91 7470674060**

असुविधा से बचने के लिए आपॉइंटमेंट लेकर ही मिलें

हमारी अन्य कोई और शाखा नहीं है।

नोट : मिलने के लिए अपॉइंटमेंट लेना आवश्यक है।

**पोलसाय पारा चौक, दुर्ग (छ.ग.)**

मिलने का समय : सुबह 9 बजे से शाम 7 बजे तक

**संपर्क सूत्र :- पं. रविकांत शर्मा एवं पं. एस. के. शास्त्री : +91 9755964567**

### सोमवार को कलेक्टर की कराहल विकासखंड में हुआ सर्जिकल स्ट्राइक

# एक पटवारी, दो पंचायत सचिव और एक आश्रम अधीक्षक पर गिरी गाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

बिगड़ी प्रशासनिक व्यवस्थाओं को सुधारने की गरज से कलेक्टर अर्पित वर्मा लगातार निरीक्षण कर रहे हैं, औचक निरीक्षण के दौरान कलेक्टर लापरवाह कर्मचारियों को तत्काल दंडित भी कर रहे हैं जिसे घबराए सरकारी कर्मचारियों ने कलेक्टर की निरीक्षण की कार्रवाई को सर्जिकल स्ट्राइक का नाम दिया हैं। इसी क्रम में सोमवार को कलेक्टर ने कराहल विकासखंड के विभिन्न गांवों में पहुंचकर स्कूल, आंगनबाड़ी, अस्पताल के साथ साथ पंचायत में चल रहे निर्माण कार्य देखें और जनसमस्याए सुनी। इस दौरान लापरवाही मिलने पर एक पटवारी, दो पंचायत सचिव निलंबित किए गए, वहीं एक आश्रम अधीक्षिका को निलंबित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर द्वारा ग्राम ककरधा में निरीक्षण के दौरान बंद पडे आटा प्लांट को शुरू कराने के निर्देश एनआरएलएम के अधिकारियों को दिये। इसके साथ ही उन्होंने परियोजना अधिकारी मनरेगा विक्रम जाट को मौके पर बुलाकर पंचायत के माध्यम से किचिन शेड की पुताई कराने, अनुपयोगी भवनों को डिसमेंटल करने हेतु प्रस्ताव तैयार करने तथा स्कूलों में शौचालयों के निर्माण कराने के निर्देश दिये गये। इस दौरान शासकीय अनुसूचित जनजातीय आश्रम भीमलत (ककरधा) के निरीक्षण के दौरान अव्यवस्था मिलने तथा अधीक्षिका रश्मि उमरैया के अनुपस्थित पाये जाने पर निलंबित करने के निर्देश दिये गये। इस दौरान नियमित रूप से निरीक्षण नही किये जाने पर संबंधित सीएसी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गये। ग्राम में साफ-सफाई नही पाये जाने तथा पंचायत कार्यो में उदासीनता बरतने पर संबंधित जीआरएस किशन शर्मा को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने ग्राम पिपरानी में प्राइमरी एवं मिडिल स्कूल के निरीक्षण के दौरान मध्यान्ह भोजन का अवलोकन किया तथा मैन्यू अनुसार भोजन नही बनाने पर संबंधित गायत्री स्वसहायता समूह को हटाने के निर्देश सीईओ जनपद कराहल को दिए। इसके साथ ही ग्रामीणों से चर्चा के दौरान पटवारी के ग्राम में नही आने की शिकायत पर एसडीएम को संबंधित पटवारी शुभ्रा को नोटिस जारी करने हेतु निर्देशित किया गया। पंचायत भवन परिसर में गंदगी मिलने तथा पंचायत कार्यो में रूचि नही लिये जाने के चलते पंचायत सचिव को निलंबित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने ग्राम बरगवा में भ्रमण के दौरान यात्री प्रतिक्षालय में गंदगी मिलने, सामुदायिक स्वच्छता परिसर के बंद पाये जाने तथा ग्रामीणों द्वारा शिकायत किये जाने पर पंचायत सचिव कांती भदौरिया को निलंबित करने तथा जीआरएस को वित्तीय प्रभार दिये जाने के निर्देश दिये। ग्राम सरारी में आंगनबाडी केन्द्र का अवलोकन किया गया तथा प्रायमरी स्कूल में मध्यान्ह भोजन चखकर गुणवत्ता जांची गई, भोजन मैन्यू अनुसार नही होने तथा गुणवत्ताहीन पाये जाने पर जय अम्बे स्वसहायता समूह को हटाने के लिए निर्देशित किया गया। ग्राम पनवाडा में उपस्थित जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ जेएन सक्सैना, बीएमओ कराहल डॉ सौरभ कुशवाह को आयुष्मान कार्ड बनाये जाने के निर्देश प्रदान किये गये ककरधा, सरारी आंगनबाडी केन्द्रों पर बच्चों की संख्या न्यूनतम पाये जाने पर महिला बाल विकास अधिकारी महेन्द्र कुमार अम्ब को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गये।



#### पटवारी रखे बैठा था फौती नामांतरण

ग्राम सेसईपुरा पहुंचे कलेक्टर अर्पित वर्मा ने ग्रामीणों की समस्या सुनी और मौके पर ही उनका निराकरण भी किया। इस दौरान एक ग्रामीण ने उन्हें बताया कि उसका फौती नामांतरण नहीं हो रहा है जानकारी लेने पर पता चला कि नामांतरण तो पटवारी अपने पास रखे हुए हैं इसे गम्भीर लापरवाही मानते हुए कलेक्टर ने तत्काल पटवारी भगवती प्रसाद शर्मा को निलंबित करने के निर्देश एसडीम बीएस श्रीवास्तव को दिए। इसी प्रकार बुखारी के पटवारी राघवेन्द्र शर्मा एवं बर्धाखुर्द के पटवारी सिराज अहमद को कारण बताओ नोटिस जारी करने के लिए निर्देशित किया गया। इसी प्रकार गोरस तहसील कार्यालय के निरीक्षण के दौरान हीरापुर निवासी कन्या आदिवासी का फौती नामांतरण करने के निर्देश नायब तहसीलदार नरेन्द्र जैन को दिए।

#### आदिवासियों ने किया गाड़ी का घेराव

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर अर्पित वर्मा ने कराहल मुख्यालय पर तहसील कार्यालय का भी निरीक्षण किया इसकी सूचना मिलने पर मसावनी गांव से बड़ी संख्या में आदिवासी तहसील पहुंच गए और उन्होंने कलेक्टर की गाड़ी का घेराव करते हुए नारेबाजी की। हालांकि तब कलेक्टर गाड़ी में न होकर चेंबर में एसडीएम, तहसीलदार से चर्चा कर रहे थे। सूचना मिलने पर उन्होंने आदिवासियों के प्रतिनिधि मंडल को बुलाकर समस्या सुनी आदिवासियों ने बताया कि वह अपने गांव में रहने और खेती करने का काम जिस भूमि पर वर्षो से करते आ रहे हैं वन विभाग अब उन्हें अपनी बताकर वहां से बेदखल कर रहा है। वन विभाग जबरिया उक्त जमीन पर प्लांटेशन कर रहा है हमारे पास इसके अलावा आजीविका का और कोई साधन भी नहीं है। कलेक्टर ने इस मामले में वन विभाग के अधिकारियों से चर्चा कर हल निकालने का आश्वासन आदिवासियों को दिया।

### कलेक्टर की नाराजगी ने कराया लोक निर्माण विभाग में फेरबदल

# विजयपुर एसडीओ को श्योपुर के प्रभार से हटाया गया, पाराशर बने एसडीओ

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

जिले के लोक निर्माण विभाग में श्योपुर एसडीओ का प्रभार बदल गया है। पहले श्योपुर एसडीओ का प्रभार विजयपुर के एसडीओ संभाल रहे थे,लेकिन अब राकेश पाराशर को श्योपुर एसडीओ का प्रभार सौप दिया गया है। सुनने में आ रहा है कि कलेक्टर अर्पित वर्मा की नाराजगी के चलते लोक निर्माण विभाग में यह फेरबदल किया गया है।

सूत्र बता रहे है कि कलेक्टर अर्पित वर्मा के द्वारा लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्माण कार्यो के संबंध में जो निर्देश दिए गए थे,उन निर्देशों का ठीक से पालन नहीं किया गया,इसलिए कलेक्टर की नाराजगी बढ गई है। बताया गया है कि कलेक्टर की नाराजगी को देखते हुए श्योपुर एसडीओ के प्रभार का बदला गया है। अभी तक श्योपुर एसडीओ का प्रभार विजयपुर के लोक निर्माण विभाग एसडीओ शिवाकांत त्रिपाठी संभाल रहे थे, लेकिन अब उनसे श्योपुर का प्रभार हटाते हुए विजयपुर सब डिवीजन में ही पदस्थ सब इंजीनियर राकेश पाराशर को श्योपुर एसडीओ बना दिया गया है।

इस संबंध में लोक निर्माण विभाग श्योपुर के कार्यपालन यंत्री पुष्कल प्रताप का कहना है कि ऐसा कुछ नहीं है। दूरी अधिक होने के कारण त्रिपाठी के द्वारा ही श्योपुर का प्रभार हटाने के लिए आवेदन दिया था,इसलिए सब इंजीनियर राकेश पाराशर को श्योपुर एसडीओ का प्रभार दिया गया है।

### कान सिंह कोषाध्यक्ष तो विनोद सचिव निर्वाचित

# निर्विरोध चुनी गई मीणा समाज की नवीन कार्यकारिणी, हंसराज बने अध्यक्ष


हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



क्षेत्रीय मीणा समाज श्योपुर की एक बैठक में सोमवार को सलापुरा स्थित मीणा छात्रावास में आयोजित की गई। लक्ष्मीनारायण मीणा सोईकलां की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में समाज के आय व्यय का लेखा जोखा प्रस्तुत किया गया,साथही नवीन कार्यकारिणी का चुनाव भी कराया गया। इस दौरान पूरी नवीन कार्यकारिणी का चुनाव निर्विरोध निर्वाचित हो गया। राजीव मीणा के संचालन में सम्पन्न कराई चुनाव प्रक्रिया के दौरान अध्यक्ष पद के लिए कैलाश मीणा आसीदा के द्वारा हंसराज मीणा नागदा का प्रस्तावित किया, जिसका समर्थन संतोष मीणा प्रेसमर के द्वारा किए जाने के बाद बैठक में उपस्थित सभी समाजीय लोगो ने हंसराज मीणा नागदा को निर्विरोध अध्यक्ष चुन लिया। तीनो उपाध्यक्ष भी निर्विरोध चुने गए है। जिसमें लक्ष्मण मीणा, खेड़ली, महावीर मीणा, तुलसेफ तथा हरिमोहन मीणा, जावदेश्वर शामिल है। जबकि कान सिंह मीणा आमल्दा को कोषाध्यक्ष, विनोद अडवाड को सचिव तथा लाखन मीणा तुलसेफ को सर्व सम्मति से सह सचिव निर्वाचित किया गया है। बैठक में उपस्थित समाजीय लोगो ने सभी नव निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए उनका पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया।

# आयुष्मान कार्ड में देरी पर मिला नोटिस तो आशा कार्यकर्ताओं ने घेरा कलेक्ट्रेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर।



आयुष्मान कार्ड बनाने में देरी होने पर आशा कार्यकर्ताओं को स्वास्थ्य विभाग की ओर से जारी किए जा रहे नोटिसों से नाराज आशा कार्यकर्ताओं ने सोमवार को जिला मुख्यालय पहुंचकर कलेक्ट्रेट का घेराव कर नारेबाजी की और बीते 3 सालों से एलटीटी व कुष्ठ निवारण अभियान में किया जा रहे काम की प्रोत्साहन राशि एवं शासन से हर माह मिलने वाली प्रोत्साहन राशि जो चार माह से अटकी है कलेक्टर के नाम डिप्टी कलेक्टर संजय जैन को दिए ज्ञापन में कहा है कि आशा कार्यकर्ताओं द्वारा ईमानदारी के साथ किया जा रहा है। इसके बाद भी अगस्त 2025 से मासिक मानदेय एवं प्रोत्साहन राशि का भुगतान स्वास्थ्य विभाग द्वारा नहीं किया गया है। साथ ही विगत 3 वर्षों (वर्ष 2022-23एवं 2023-24) का कुष्ठ रोग सर्वे एवं एलटीटी (महिला नसबंदी) प्रेरक राशि का भुगतान लंबित है ऐसे में हम सभी के परिवार के बच्चो का भरण पोषण करने में काफी कठिनाई का सामना करना पड रहा है। आशा कार्यकर्ताओं ने डिप्टी कलेक्टर संजय जैन को बताया कि अगर उनका मानदेय ओर रोकी गई प्रोत्साहन राशि तत्काल नहीं मिली तो वे अनिश्चित कालीन हड़ताल करने को मजबूर हो जाएंगी।

# भगवान चंद्र प्रभु व पार्श्वनाथ का जन्म-तप दिवस मनाया



### दिगम्बर जैन बीस पंथी मंदिर पर हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

सोमवार को जिला मुख्यालय पर स्थित दिगम्बर जैन बीस पंथी मंदिर पर भव्य पूजन पाठ के साथ भगवान चन्द्र प्रभु एवं भगवान पार्श्वनाथ का जन्मकल्याणक एवं तप कल्याणक महोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर भगवान के अभिषेक शान्ति धारा भी आयोजित की गई। शान्ति धारा के पुण्यार्जक प्रमोद गोधा एवं सुरेश जैन गोधा एडवोकेट परिवार राकेश बड़जात्या परिवार रहे। विधान में मंडल पर कलश स्थापना मानसी गोधा, मिथलेश गर्ग स्नेह लता गोधा, कमलवती जैन,राजश्री जैन तथा दीप प्रज्ज्वलित गवेशणा गोधा के द्वारा किया गया।पूजन सामग्री के पुण्यार्जक परिवार प्रेमचन्द मनीष कुमार गोधा एवं महिलाओं द्वारा अष्टप्रतिहार की स्थापना पदमा ,धनकुंवर , पदमा शिल्पी विनीता गोधा को मिली। गिरधारीलाल, पूजा बाकलीवाल निर्मला के द्वारा किए गए । कार्यक्रम में पंडित जी बोवी भैया पोहरी संगीत पार्टी शिवपुरी के संगीतमय भक्तभाव से किया गया।

# दिल्ली से लौट रहे कांग्रेसियों की गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



रविवार को दिल्ली से राहुल गांधी की रैली में शामिल होकर लौट रहे कांग्रेस जिला अध्यक्ष मांगीलाल फौजी की गाड़ी का अलवर के पास एक्सीडेंट हो गया जिसमें जिला अध्यक्ष और उनके बेटे सहित चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को राजस्थान के कांग्रेस नेता सतवीर सिंह गुर्जर ने अलवर जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां अब उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। कांग्रेस नेता हंसराज मीणा ने बताया कि दिल्ली से लौटते समय घने कोहरे की चपेट में आकर शायद डिवाइडर से टकरा गई जिसकी सूचना मिलने पर वह अपनी गाड़ी वापस लेकर अलवर पहुंचे और घायलों को इलाज़ मुहैया कराने में सहयोग किया गया। दुर्घटना में कांग्रेस जिला अध्यक्ष मांगीलाल फौजी उनके बेटे राजा बरोदिया, बृजेश बंसल एवं बृजेश गहरवार घायल हुए हैं। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे कांग्रेस नेता सत्यप्रकाश सिकरवार (नीटू) से इस संबंध में पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने जानकारी ली और अलवर जिला अस्पताल के सिविल सर्जन से चर्चा की। सिविल सर्जन ने पूर्व मुख्यमंत्री को बताया कि सभी घायल खतरे से बाहर हैं।

### अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले भैंस चोर

# कराहल पुलिस की आधी रात को शिवपुरी के जंगल में दबिश,चोरी की 18 भैंसे बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

कराहल के जंगल से चोरी हुई 18 भैंसो को कराहल थाना पुलिस ने आधी रात को शिवपुरी जिले के जंगल में दबिश देकर बरामद कर लिया,लेकिन भैस चोर अंधेरो का फायदा उठाकर भाग निकले। कराहल थाना पुलिस मौके से भागे भैस चोरो का पता लग रही है। कराहल टीआई यासमीन खान का कहना है कि फरार हुए भैस चोरा को भी जल्द ही पकड लिया जाएगा।

पुलिस के मुताबिक ग्राम खिरखिरी निवासी रूपसिह 35 वर्ष पुत्र अर्जुनलाल धाकड की करीब 18 भैसे खिरखिरी के जंगल से चोरी हो गई। जिनमें आठ भैंस, दो थोरिया, सात छोटी पडिया, एक पडा शामिल है। जिनकी अनुमानित कीमत करीबन 8 लाख रु है। 13 दिसंबर को इस मामले की रूप सिंह के द्वारा कराहल थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। इसके बाद कराहल थाना पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई। इस दौरान रविवार की रात को एसपी सुधीर कुमार अग्रवाल को मुखबिर के जरिए सूचना मिली कि खिरखिरी के जंगल से चोरी हुई भैसे शिवपुरी जिले के मडखेडा अहेरा के जंगल में देखी गई है। इस सूचना पर एसपी ने तत्काल दबिश देने के निर्देश दिए। इसके बाद कराहल थाना प्रभारी यासमीन खान अपनी टीम के साथ आधी रात को फरियादी को साथ लेकर दबिश देने के लिए मौके पर पहुंच गई। जहां पुलिस ने टार्च के उजाले में भैसो की पहचान फरियादी से करवाई तो उसने अपनी भैसो को पहचान लिया। जिसके बाद पुलिस इन भैसो को बरामद कर कराहल ले आई और फरियादी के सुपुर्द कर दिया, लेकिन भैस चोर मौके से भाग निकले। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी कराहल यासमीन खांन, थाना प्रभारी विजयपुर भारत सिंह गुर्जर, सउनि पवन शर्मा, प्रआर करुणाशंकर यादव, प्रआर सुनील मौर्य, आर ब्रजमोहन गुर्जर,आर पवन कटारे, आर.चा. खालिद खांन की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# श्योपुर जिले में हो गो अभ्यारण की स्थापना

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



भारतीय किसान संघ की मासिक बैठक जिला मुख्यालय पर आयोजित की गई। जिसमें किसान संघ पदाधिकारियों ने किसानों की विभिन्न समस्याओ को लेकर चर्चा की और फिर उन समस्याओं का निराकरण किए जाने के लिए एसडीएम कार्यालय पहुंचकर एसडीएम गगन सिंह मीणा को ज्ञापन दिया।

भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष नरेन्द्र सिंह चौधरी ने बताया कि सीएम और कलेक्टर के नाम दिए गए ज्ञापन में प्रमुख रूप से आवारा गौवंश की समस्याओ को उठाते हुए इसके समाधान के लिए श्योपुर जिले में गौ अभ्यारण्य की स्थापना किए जाने और गिर नस्ल सुधार केन्द्र शुरू किए जाने की मांग जोरदारी से उठाई गई है। ज्ञापन में एक जिला एक उत्पादन योजना अंतर्गत अमरुद फसल के लिए प्रसंस्करण इकाई चालू किए जाने, अटल प्रोग्रेस वे का कार्य प्रारंभ कराने, शिवपुरी श्योपुर, श्योपुर बारां, गौरस पारोन रोड को फोर लाइन में परिवर्तित किए जाने, सूक्ष्म सिंचाई परियोजना को पूर्ण किए जाने, मूझरी और चेटीखेडा बांध का निर्माण कार्य शुरू कराए जाने, भंवरकुआं डैम को चालू कराए जाने, चंबल नहर में 10 जून को प्रतिवर्ष पानी छोड़ जाने, सहकारिता का जिला मुख्यालय श्योपुर में बनाए जाने, खेत रोड सड़क को प्राथमिकता के आधार पर लिए जाने जैसी मांगे भी प्रमुखता से रखी गई है। ज्ञापन सौपने के दौरान मूलचंद मीणा ढोटी, भीमसिंह जाट, अजय शर्मा, कुंज बिहारी अजापुरा, लाखन सिंह जाट, हरिशंकर पालीवाल अजय भारद्वाज सहित अन्य कई किसान संघ पदाधिकारी व किसान मौजूद थे।

### मरीज के हेपेटाइटिस बी पॉजिटिव होने से रिस्की था ऑपरेशन

# ग्वालियर, कोटा से लौटाई महिला की आंखों का श्योपुर जिला अस्पताल में सफल ऑपरेशन, वापस लौट आई रोशनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

श्योपुर जिला अस्पताल में सालों से बंद पडे मोतियाबिंद के ऑपरेशन अब फिर से शुरू हो गए है। जब से मेडिकल कॉलेज में आए नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टरों ने जिला अस्पताल में अपनी उपस्थिति दर्ज कराना शुरू की है,तब से जिला अस्पताल में मोतियाबिंद के सफल ऑपरेशनों की संख्या भी बढना शुरू हो गई है।

अब जिला अस्पताल श्योपुर में ऐसे मरीजों के मोतियाबिंद के रिस्की ऑपरेशन भी किए जा रहे है, जिन्हें दूसरे शहरो से यह कहते हुए लौटाया गया है कि उनका ऑपरेशन होना बहुत रिस्की है। शनिवार को ऐसे ही एक महिला मरीज की आंखो के मोतियाबिंद का रिस्की ऑपरेशन सफलता पूर्वक किया गया, जिसे कोटा और ग्वालियर से बिना ऑपरेशन किए ही लौटा दिया था।



#### डॉक्टरों की इस टीम ने किया रिस्की ऑपरेशन

बताया गया है कि जब यह महिला श्योपुर जिला अस्पताल की नेत्र यूनिट में पहुंची और मेडिकल कॉलेज के नेत्र विशेषज्ञ डॉ रवि कुमार कुशवाह को अपनी आंखे चैक कराते हुए अपनी सारी आपबीती भी सुना दी। इसके बाद डॉ रवि कुमार कुशवाह ने महिला को जिला अस्पताल में भर्ती कर उसका ऑपरेशन करने का निर्णय लिया और फिर शनिवार को मेडिकल कॉलेज के ही सहायक प्राध्याक डॉ नीरज माहौर, विनोद (ऑप्टोमेट्रिस्ट),अतुल (ओटी टेक्नीशियन)के साथ मिलकर महिला की आंखो के मोतियाबिंद का सफल ऑपरेशन कर दिया।

खास बात यह है कि मोतियाबिंद से ग्रसित महिला मरीज हेपेटाइटिस बी पॉजिटिव थी, ,इसलिए उसकी आंखो का ऑपरेशन बहुत रिस्की था, मगर मेडिकल कॉलेज श्योपुर में पदस्थ सहायक प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष डॉ रवि कुमार कुशवाह ने अपनी टीम के साथ इस रिस्क को लेते हुए मरीज की आंखो में आए मोतियाबिंद का सफलतापूर्वक ऑपरेशन कर दिया। श्योपुर जिला अस्पताल में यह पहला अवसर है,जब किसी हेपेटाइटिस बी पॉजिटिव मरीज की आंखो का सफल ऑपरेशन किया गया। ऑपरेशन के बाद मरीज की आंखो की खोई रोशनी में भी वापस लौट आई है। इसलिए मरीज को दो दिन भर्ती रखने के बाद सोमवार को छुट्टी भी दे दी गई है।

#### बेहद जटिल रहता है हेपेटाइटिस बी पॉजिटिव मरीज का ऑपरेशन

जानकारों की माने तो हेपेटाइटिस बी पॉजिटिव मरीज की आंखो में आए मोतियाबिंद के ऑपरेशन को करना बेहद जटिल रहता है। इस ऑपरेशन में बरती गई थोडी सी चूक भी मरीज के लिए भारी पड जाने का खतरा रहता है। इसलिए ऐसे ऑपरेशनों को करने में हर कोई डॉक्टर भी तैयार नहीं होता है। श्योपुर निवासी 65 वर्षीय महिला भी हेपेटाइटिस बी पॉजिटिव थी,इसलिए उसकी आंखो का मोतियाबिंद ऑपरेशन भी बडा रिस्की था,इसलिए यह महिला अपनी आंखो का ऑपरेशन कराने के लिए सवाईमाधोपुर, कोटा और ग्वालियर तक के अस्पतालो में जा चुकी है, मगर उसे वहां से बिना ऑपरेशन ही वापस लौटा दिया गया।

#### इनका कहना है...

हां,इस तरह का एक ऑपरेशन सफलता पूर्वक किया गया है। मेडिकल कॉलेज के दो नेत्र विशेषज्ञ डॉक्टरों के आने से अब जिला अस्पताल में नेत्र संबंधी तीन डॉक्टर हो गए है, इसलिए अब जिला अस्पताल में प्रतिदिन चार से पांच मोतियाबिंद के ऑपरेशन सफलतापूर्वक किए जा रहे है।

**डॉ आरबी गोयल**
**सिविल सर्जन,श्योपुर**

# आरा मशीन के पुराने विवाद को लेकर दो पक्ष भिड़े, छह घायल,क्रॉस एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

शहर के पाली रोड स्थित चार खंभा पर सोमवार को दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। आरा मशीन के पुराने विवाद को लेकर हुए इस झगडे में दोनो पक्ष के लोगो के बीच लाठी-डंडे और पाइल चल गए। इस विवाद में एक तरफ से ताराचंद गौड, भगवान दास गौड,गिरिश, अमित घायल हो गए। वहीं दूसरी तरफ से मोहम्मद अंसार, अब्दुल कादिर घायल हो गए। कोतवाली थाना पुलिस ने दोनो पक्ष के घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में दाखिल करवाया गया। कोतवाली थाना पुलिस ने बताया कि इस मामले में गिरिश पुत्र ताराचंद गौड निवासी गर्ल्स स्कूल के पास श्योपुर की रिपोर्ट पर अंसार मुसलमान, कादिर मुसलमान, अंसार का छोटा लडका तथा अंसार के साथी के खिलाफ तथा मोहम्मद अंसार पुत्र मंजूर अली निवासी बगबाज की रिपोर्ट पर ताराचंद गौड, गिरिश गौड, विनोद गौड, भगवान गौड,अमित गौड के खिलाफ मारपीट की धाराओ में क्रॉस मामला दर्ज कर लिया है।



### जिपं सदस्य पद के लिए अंतिम दिन दाखिल हुए 17 नामांकन

श्योपुर। जिला पंचायत सदस्य वार्ड क्रमांक एक पर चुनाव लडने के लिए नामांकन दाखिल करने के अंतिम दिन 17 नामांकन दाखिल हुए है। इसमें जितेन्द्र गोयल ढोढर, हनुमान योगी जैनी,हरिमोहन बौद्ध के द्वारा भी नामांकन दाखिल किए गए है। बताया गया है कि तीन नामांकन पहले दाखिल हो चुके है,जिन्हे मिलाकर अब कुल 20 नामांकन फार्म दाखिल हो गए है।

## खबर संक्षेप

### 21 दिसंबर को होगा एकता दिवस समारोह

**बीना।** बीना रेलवे पेंशनर्स समाज द्वारा आयोजित एकता दिवस समारोह का कार्यक्रम 17 दिसंबर की जगह 21 दिसंबर को संपन्न किया जाएगा। बीना रेलवे पेंशनर्स समाज सचिव डीके गोस्वामी ने बताया रेलवे पेंशनर्स का एकता दिवस का कार्यक्रम प्रतिवर्ष 17 दिसंबर को मनाया जाता है। लेकिन इस वर्ष 17 दिसंबर को भोपाल रेलवे पेंशनर्स द्वारा एकता दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिस कारण बीना का एकता दिवस समारोह 21 दिसंबर को सुबह 10 बजे से संपन्न किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक एड. निर्मला सप्रे, विशिष्ट अतिथि पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा गौरव सिरोठिया अध्यक्ष नपा लता सकवार, भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेन्द्र उपाध्याय, सहा. मंडल अभियंता, मयंक जैन, पार्षद गौरीशंकर राय मौजूद रहेंगे।

### अज्ञात कारणों के चलते महिला ने लगाई फांसी

**पिपरई।** थाना पिपरई क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कैनवारा में एक दुखद घटना सामने आई है, जहां 27 वर्षीय महिला कृष्णा पत्नी कल्लू अहिरवार ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई और परिजनों में शोक की लहर दौड़ गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, घटना उस समय सामने आई जब परिजनों ने महिला को घर के अंदर फांसी के फंदे पर लटका देखा। तत्काल इसकी सूचना पिपरई थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को फंदे से उतरवाकर पंचनामा कार्रवाई की। इसके पश्चात शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। मृतका और उसके पति के बीच अक्सर आपसी विवाद होते रहते थे। हालांकि आत्महत्या के वास्तविक कारणों का अभी तक स्पष्ट खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में ले लिया है और सभी पहलुओं की गंभीरता से जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट एवं परिजनों के बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगा।

### सड़क हादसे में महिला की मौत

**अशोकनगर।** जिले के पिपरई थाने के थाने के अंतर्गत मोहरी चक्क गांव के पास रविवार को एक 32 वर्षीय महिला आत्मा बाई अहिरवार की मौत हो गई। महिला के पति अशोक अहिरवार ने ट्रेक्टर चालक पर लापरवाही का आरोप लगाया है बताया गया है कि महिला परासरी गांव से बाईक द्वारा अपने घर नानौन वापिस लौट रही थी। उन्होंने अपनी बाईक सड़क किनारे रोक दी थी इसी दौरान पास में खडे ट्रेक्टर ने रिवर्स करना शुरू कर दिया जिससे ट्राली का पहिया आत्मा बाई पर चड़ गया जिससे उसकी मौत हो गई।

### लायंस के नेत्र शिविर में 125 मरीजों की जांच

**अशोकनगर।** रविवार को रघुवंशी धर्मशाला में लायंस क्लब अशोकनगर वेस्ट एवं रघुवंशी युवा संघ के तत्वावधान में लायंस नेतृत्व चिकित्सालय गुना के सहयोग से एक निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 125 मरीजों की जांच हुई जिसमें 25 मैरिज सेलेक्ट होकर गुना अस्पताल में ऑपरेशन होंगे। कार्यक्रम में लायंस क्लब अशोकनगर बेस्ट के अध्यक्ष धर्मेंद्र रघुवंशी खैजरा एवं रघुवंशी युवा संघ के अध्यक्ष मुकेश रघुवंशी सचिव आनंद रघुवंशी एवं महेंद्र रघुवंशी जितेंद्र रघुवंशी आदि सदस्य उपस्थित रहे।

### विश्वगीताप्रतिष्ठानम द्वारा जिला स्तर पर कार्यशाला का आयोजन

**अशोकनगर।** विश्वगीताप्रतिष्ठानम जिला कार्यशाला रविवार को स्वामी विवेकानंद हायर सेकेण्ड्री स्कूल में आयोजित की गई। इस कार्यशाला में जिले के सभी तहसीलों विकासखडों के साथ पड़ौसी जिला गुना, विदिशा, शिवपुरी, राजगढ़, सागर आदि जिलो के पदाधिकारियों ने भाग लिया। कार्यशाला 3 सत्रों में रखी गई प्रथम सत्र में प्रार्थना, व्यक्तिशः परिचय, संगठन के सिद्धांत, कार्यवृत्त, जिज्ञासा समाधान का आयोजन हुआ।

गर्ल्स कॉलेज की कॉलेज चलो अभियान समिति ने विद्यार्थियों को कॉलेज प्रवेश के लिए किया प्रेरित

# कॉलेज आपके व्यक्तित्व विकास की आधारशिला है : डॉ. उमा लवानिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना




गर्ल्स कॉलेज की कॉलेज चलो अभियान समिति द्वारा शासकीय उच्चतर कन्या विद्यालय के विद्यार्थियों को कॉलेज चलो अभियान के तहत महाविद्यालय में उपलब्ध एकेडमिक, शैक्षणिक एवं शैक्षेणत्तर गतिविधियों की जानकारी देते हुए सत्र 2026-27 में प्रवेश के लिए प्रेरित किया। कॉलेज प्राचार्य डॉक्टर चंदा रत्नाकर ने शासन की कॉलेज चलो अभियान योजना को अभिनव योजना बताते हुए समिति को शुभकामनाएं दी। नोडल अधिकारी डॉ उमा लवानिया ने कहा कि विद्यालय के प्राचार्य लोकेश जैन एवं समस्त स्टाफ के सहयोग से हम विद्यार्थियों से रूबरू हुए एवं कॉलेज चलो अभियान के उद्देश्य को पूरा करने में सफल हुए।

विद्यार्थियों को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि कॉलेज आपके व्यक्तित्व विकास की आधारशिला है, जो आपको डिग्री के साथ ही साथ राष्ट्रीय सेवा योजना, खेल गतिविधियां, युवा उत्सव के माध्यम से आपका चहुमुखी विकास करता है। आपको उच्च शिक्षा की दहलीज पर अपना पहला कदम रखना है एवं आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ना है। नवीन नामदेव ने ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया को समझाते हुए कहा कि आपको कॉलेज का चयन सोच विचार करके करना है एवं प्राथमिकता से कॉलेज का चयन करना है किसी भी प्रकार का मन में संदेह होने पर महाविद्यालय में आकर आप हम सभी से संपर्क करें।

राजीव लोधी ने मध्य प्रदेश शासन की विभिन्न छात्रवृत्तियों की जानकारी देते हुए कहा कि आज यदि आप पढ़ना चाहते हैं तो धन आपके लिए कभी बाधक नहीं बनेगा क्योंकि शासन छात्रवृतियों के माध्यम से प्रत्येक विद्यार्थी को सहायता और प्रोत्साहन राशि दे रहा है। आरती ठाकुर ने विद्यार्थियों को कॉलेज में प्रवेश लेने के लिए प्रोत्साहित किया एवं कहा कि कोई भी विद्यार्थी 12वीं पास करके घर में नहीं बैठें अपने आगे का अध्ययन जारी रखें। नीता नामदेव ने विद्यार्थियों को महाविद्यालय में चल रही यूनिफॉर्म एवं अनुशासन व्यवस्था को समझाते हुए कहा कि महाविद्यालय आपको एकता एवं अनुशासन की सीख देता है। कीर्ति ठाकुर ने शासन की परीक्षा प्रणाली से विद्यार्थियों को अवगत कराते हुए पाठ्यक्रमस कक्षा में उपस्थित आदि की जानकारी दी। मनीता राजपूत ने महाविद्यालय की विशिष्ट सुविधाओं, उपलब्धियां ,सृजन पत्रिका के प्रकाशन की जानकारी दी। अरुण उपाध्याय ने स्नातक 3 वर्षीय कोर्स एवं स्नातक 4 वर्षीय कोर्स की विस्तृत जानकारी दी ताकि विद्यार्थी प्रवेश लेते समय दिशा भ्रमित न हों। शासकीय कन्या उच्चतर विद्यालय से केके जैन ने शासन के कॉलेज चलो अभियान की सराहना करते हुए कहा कि इस अभियान से स्कूल के विद्यार्थी शत प्रतिशत लाभान्वित हो रहे हैं। सहयोगी के रूप में अशोक बौद्ध उपस्थित रहे।



## खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

सांसद खेल प्रतियोगिता वर्ष 2025 प्रारंभ केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के निर्देशन जिला अशोकनगर में सांसद खेल महोत्सव वर्ष 2025 के अंतर्गत जिला स्तरीय सांसद खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ 14 दिसंबर से स्थानीय संजय स्टेडियम अशोकनगर खेल मैदान पर जजपाल सिंह पूर्व विधायक अशोकनगर द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल प्रतियोगिताएं प्रारंभ कराई गई। इस अवसर पर धर्मेंद्र रघुवंशी महामंत्री भाजपा सचिन चैधरी सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

प्रथम दिवस रविवार को बास्केटबॉल, ताइक्वांडो, एथलेटिक्स एवं वॉलीबॉल खेलों के आयोजन कराए गए। इनमें ब्लॉक अशोकनगर, चंदेरी, मुंगावली, ईसागढ़ के खिलाड़ियों ने भाग लिया। बास्केटबॉल जूनियर बालक वर्ग के फाइनल मुकाबले में जिला बास्केटबॉल संघ अशोकनगर ने सिटी पब्लिक स्कूल अशोकनगर को हराया वहीं बालिका जूनियर वर्ग फाइनल मैच में जिला बास्केटबॉल संघ ने सिटी पब्लिक स्कूल को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। सीनियर बास्केटबॉल के मुकाबले में महिला एवं पुरुष वर्ग में जिला बास्केटबॉल संघ अशोकनगर की टीमें विजेता रहीं। इस दौरान संयोजक प्रहलाद श्रीवास्तव एवं अंपायर के रूप में आदित्य शर्मा उपस्थित रहे। एथलेटिक्स 100 मीटर बालक वर्ग जूनियर में प्रियांशु नामदेव ईसागढ़ ने प्रथम, पीयूष कुशवाहा ने द्वितीय एवं तृतीय स्थान शीलू कुशवाह ने प्राप्त किया। 100 मीटर सीनियर बालक वर्ग में प्रिंस अहिरवार मुंगावली ने प्रथम, सुमित रघुवंशी से शाडोरा ने द्वितीय एवं राहुल सेन ईसागढ़ ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

100 मी बालिका जूनियर वर्ग में कुमारी प्रतिका गुप्ता ने प्रथम, कुमारी कनिका जैन ने द्वितीय, कुमारी मौसम यादव ने तृतीय स्थान पाया इसी प्रकार 100 मी सीनियर बालिका वर्ग में कुमारी मुस्कान कुशवाहा ने प्रथम रजनी अहिरवार ने द्वितीय स्थान पाया। लॉन्ग जंप बालक वर्ग में पीयूष कुशवाहा अशोकनगर ने प्रथम ,अनिल बागड़ी ने द्वितीय, आशिक यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। लॉन्ग जंप बालिका वर्ग में कुमारी संगीता यादव ने प्रथम, कुमारी कनिका जैन ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सीनियर लॉन्ग जंप बालिका वर्ग में कुमारी निधि गुर्जर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सीनियर बालक वर्ग लॉन्ग जंप में सुमित रघुवंशी ने प्रथम, राहुल सेन ने द्वितीय, गोपाल धानुक ने तृतीय स्थान पाया। 1000 मीटर दौड़ में अनुष्का कटारिया में प्रथम कुमारी प्रतिका गुप्ता ने द्वितीय एवं कुमारी नेहा जाटव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं सीनियर बालिका वर्ग में कुमारी रजनी अहिरवार प्रथम कुमारी मुस्कान ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

## वीकेबीआर हॉस्पिटल में बर्न मैनेजमेंट पर सीएमई व मॉकड्रिल का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

विवेकानंद केंद्र बीना रिफायनरी हॉस्पिटल में बर्न पेशेंट केयर एवं मैनेजमेंट विषय पर सीएमई एवं मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भोपाल के प्लास्टिक, एस्थेटिक एवं बर्न रिकंस्ट्रक्टिव सर्जन डॉ. तन्मयी अभय थिटे (एमबीबीएस, एमएस, एमसीएच झ्र प्लास्टिक सर्जरी) विशेष अतिथि वक्ता एवं गाइडिंग फैकल्टी के रूप में उपस्थित रहीं।



डॉ. थिटे ने पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से बर्न पेशेंट के उपचार में प्रारंभिक प्रबंधन, समय पर रेफरल, संक्रमण नियंत्रण, ड्रेसिंग, फ्लूइड मैनेजमेंट एवं बहु-विषयक टीमवर्क के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस सत्र में अस्पताल के डॉक्टरों एवं पैरामेडिकल स्टाफ ने सक्रिय सहभागिता की। सीएमई के उपरांत बर्न मैनेजमेंट मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया, जिसमें रिफायनरी से एक डेमो बर्न पेशेंट को अस्पताल लाकर वन-वर्ड में शिफ्टिंग एवं उपचार प्रक्रिया का लाइव अभ्यास किया गया। पूरी प्रक्रिया डॉ. तन्मयी अभय थिटे के मार्गदर्शन एवं ऑब्जर्वेशन में संपन्न हुई, जिससे आपातकालीन स्थितियों में त्वरित एवं समन्वित उपचार की तैयारियों को परखा गया। मॉक ड्रिल के बाद चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एके दीक्षित द्वारा डॉ. तन्मयी को स्मृति चिन्ह एवं साहित्य भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बर्न पेशेंट के त्वरित, सुरक्षित एवं प्रभावी उपचार हेतु जागरूकता एवं कौशल सुदृढ़ करना रहा।

## वार्ड 8 में 20 लाख की लागत से बनेगी सीसी सड़क व नाली



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

नगर पालिका परिषद द्वारा शहर के विभिन्न वार्डों में विकास कार्यों की श्रृंखला जारी है। इसी क्रम में बुधवार को वार्ड क्रमांक 8, खालसा कॉलोनी में सीसी सड़क एवं नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। यह निर्माण कार्य लगभग 20 लाख रुपए की लागत से किया जाएगा। भूमिपूजन कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मानोरिया, पूर्व विधायक जजपाल सिंह,ने वार्ड पार्षद गीता आर्य सहित अन्य पार्षदों एवं अधिकारियों की उपस्थिति में पूजा अर्चना कर कार्य का शुभारंभ किया। इस दौरान पार्षद विपिन शिवहरे, धर्मेंद्र रघुवंशी खेजरा मनीष धुरेंटे, नगर पालिका से उपयंत्री शिवकुमार रघुवंशी प्रशांत गोस्वामी, राकेश शर्मा, बाबा शिवहरे एवं बड़ी संख्या में वार्डवासी मौजूद रहे। स्थानीय निवासियों ने बताया कि लंबे समय से सड़क और नाली निर्माण की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। निर्माण कार्य शुरू होने से क्षेत्र की वर्षों पुरानी समस्या का समाधान होगा और वार्ड की तस्वीर बदलेगी। भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान वार्डवासियों में उत्साह और खुशी का माहौल देखने को मिला।



### थाना कोतवाली अंतर्गत हुई मोबाइल चोरी का किया पर्दाफाश, तीन आरोपी गिरफ्तार

**अशोकनगर।** पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में एसडीओपी अशोकनगर विवेक शर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली निरी. रवि प्रताप सिंह चैहान द्वारा मोबाइल चोरी का पर्दाफाश कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। उल्लेखनीय है कि दिनांक 21 नवंबर 2025 को फरियादी सुजल पुत्र अशोक कुमार जैन आयु 20 साल निवासी गोपालगंज स्टेशन रोड अशोकनगर ने थाने पर उपस्थित होकर सूचना दी कि फरियादी की स्टेशन रोड पर स्थित मोबाइल की दुकान पर से रात्री में अज्ञात चोर द्वारा दुकान की छत तोड़कर 25 मोबाइल चोरी कर ले गए है। टीम द्वारा लगातार प्रयास करते हुये तकनीकी संसाधनों के आधार पर प्रदीप पिता श्रीलाल लोधी निवासी तुलसी कॉलोनी अशोकनगर, अभिषेक केवट निवासी छैलाबाग रोड अशोकनगर एवं गोलू पिता मुन्नालाल प्रजापति निवासी गोशाला रोड अशोकनगर से चोरी गए मोबाईल के संबंध में पूछताछ की तो अभिषेक केवट निवासी छैलाबाग रोड अशोकनगर द्वारा उक्त मोबाईल चोरी कर प्रदीप पिता श्रीलाल लोधी निवासी तुलसी कलोनी अशोकनगर एवं गोलू पिता मुन्नालाल प्रजापति निवासी गोशाला रोड अशोकनगर को चोरी के मोबाईल बेचना बताया एवं उक्त आरोपियों कब्जे से चोरी गये 13 मोबाइल बरामद किये गये।

## कार्रवाईः नवीन बस स्टैंड के निर्माण में रोड़ा बन रहे अवैध कब्जे हटाए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करैरा

बस स्टैंड के लिए वर्ष 2021 से आवंटित भूमि पर से सोमवार को प्रशासन ने कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी के आदेशानुसार अवैध अतिक्रमण प सख्ती से कार्रवाई कर हटाए गए। एसडीएम अनुराग निंगवाल ने बताया कि नगर परिषद को आवंटित बस स्टैंड की भूमि जिसके लगभग 65000 वर्ग फुट पर भूमाफियाओं द्वारा अवैध अतिक्रमण करवाया गया था, जिसकी अनुमानित लागत 15 करोड रुपए से अधिक है, पर से 19 अतिक्रमण कर्ताओं के अतिक्रमण को बलपूर्वक बुलडोज़र, जेसीबी से हटा दिया गया। अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई राजस्व, पुलिस, एवं नगर परिषद के संयुक्त अमले द्वारा की गई। अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही के समय एसडीएम अनुराग निंगवाल, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस डॉ. आयुष जाखड़, तहसीलदार कल्पना शर्मा, सीएमओ गोपाल गुप्ता एवं नगर परिषद का अमला मौजूद रहा।





उल्लेखनीय है कि उक्त अतिक्रमण के कारण नवीन बस स्टैंड निर्माण में देरी हो रही थी। अतिक्रमण हटाने के बाद शीघ्र नवीन बस स्टैंड का निर्माण होकर अंतिम रूप मिलेगा, जिससे नगर वासियों को अक्सर जाम की स्थिति निर्मित होती थी, से मुक्ति भी मिलेगी। महुअर पुल से लेकर पुलिस सहायता केंद्र एवं पुराने बस स्टैंड, रेस्ट हाउस के सामने आदि स्थानों पर बसों, टैक्सियों आदि के आवागमन के कारण अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती है। जिससे आम नागरिकों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

## बिना परमिशन चल रहे कई मैरिज गार्डन



**ईसागढ़।** विकासखंड ईसागढ़ में बिना अनुमति संचालित हो रहे मैरिज गार्डन लगातार अव्यवस्थाओं को जन्म दे रहे हैं, लेकिन प्रशासनिक स्तर पर किसी भी प्रकार की ठोस कार्रवाई देखने को नहीं मिल रही है।

इन गार्डनों में ना पानी की व्यवस्था, न फायर सेफ्टी, न पार्किंग, फिर भी खुलेआम कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। पार्किंग न होने से बारात और वाहनों के कारण नगर के मुख्य मार्गों पर घंटों जाम की स्थिति बनी रहती है। सबसे गंभीर मामला यह है कि कुछ जगह स्कूल संचालक बच्चों की छुट्टी कर स्कूल भवनों को ही शादीदृसमारोह के लिए किराए पर दे देते हैं, जो न सिर्फ शिक्षा व्यवस्था का मज़ाक बनाता है बल्कि सुरक्षा नियमों का भी खुला उल्लंघन है। इन मैरिज गार्डन में शादी समारोह के दौरान कई नाबालिग बच्चो को देखा गया है जो गार्डन में काम करते हुए दिखते हैं और बारात लगते समय लाइट पकड़े नजर आते हैं। जबकि नाबालिग बच्चो से कार्य कराना कानूनन अपराध है इसके बाद भी इनको अनदेखा कर दिया जाता है अधिकारियों द्वारा निरीक्षण नहीं करना कई प्रश्न खड़े करता है आखिर क्यों मैरिज गार्डन पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

वैवाहिक जीवन से संबंधित 10 प्रकरणों का हुआ निराकरण

## नेशनल लोक अदालत में 16 लाख 60 हजार रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ईसागढ़

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अशोक नगर के निर्देशन में न्यायालय तहसील ईसागढ़ में नेशनल लोक अदालत का हुआ आयोजन जिसमें न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी अंशुल जैन ने न्यायालय में लगभग 51 प्रकरणों का निराकरण किया जिसमें चेक अनावरण से संबंधित पांच प्रकरणों का निराकरण किया वहीं वैवाहिक जीवन में संबंधित 10 प्रकरणों का निराकरण किया गया।



नेशनल लोक अदालत में पति-पत्नी के बीच लगभग तीन वर्षों से चल रहे भरण पोषण के प्रकरण में न्यायाधीश द्वारा संदेश दिए जाने पर राजीनामा किया गया तथा उक्त पति-पत्नी के द्वारा अपने वैवाहिक जीवन को पुनः शुरू करने हेतु तत्परता दिखाई गई आयोजित नेशनल लोक अदालत में लगभग 16,60,000 की राशि का समझौते के आधार पर राजस्व प्राप्त हुआ तथा लोगों के द्वारा बढ़-चढ़कर भाग लिया गया इस अवसर पर न्यायिक मजिस्ट्रेट अंशुल जैन सुलहकर्ता सदस्य के रूप में अधिवक्ता रविंद्र सिंह परिहार, अभिभाषक संघ के अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह यादव सचिव के के शर्मा, वी एन अधिवक्ता गण उपस्थित रहे एवं न्यायालय कर्मचारी नरेंद्र नामदेव महेंद्र गोयल सरोज जैन सचिन झा कमलेश रजक महावीर रघुवंशी राजकुमार राजपूत एवं न्याय मित्र अमित गोस्वामी, पूजा कुशवाह, निधि रघुवंशी उपस्थित रहे।

## कथा में श्री कृष्ण जन्म महोत्सव धूमधाम से मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुंगावली

नगर स्थित मंशापूर्ण हनुमान मंदिर में आयोजित संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के चतुर्थ दिवस पर श्रद्धा और भक्ति का वातावरण बना रहा। भोपाल से पधारे सुप्रसिद्ध कथा वाचक सिद्धांत जी महाराज ने कथा के माध्यम से श्रोताओं को धर्म, मर्यादा और भक्ति का संदेश दिया।

कथा वाचन के दौरान सिद्धांत महाराज ने कहा कि जीवन में भगवान शिव को जल अर्पण अवश्य करना चाहिए साथ ही सूर्य भगवान को नियमित रूप से जल अर्पण करने से सकारात्मक ऊर्जा और आरोग्य की प्राप्ति होती है। उन्होंने भक्त प्रह्लाद के सुंदर चरित्र का वर्णन करते हुए भक्ति, विश्वास और धैर्य के महत्व को बताया। चतुर्थ दिवस की कथा में मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम जी के आदर्श



जीवन चरित्र का भावपूर्ण वर्णन किया गया। इसके साथ ही दानवीर राजा बलि की प्रेरणादायक कथा सुनाई गई जिसमें त्याग और दान की महिमा को उजागर किया गया। कथा के समापन पर कृष्ण जन्म महोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। भजन-कीर्तन, जयकारों और पुष्प वर्षा के बीच भगवान श्री कृष्ण के जन्म की लीला का भावपूर्ण मंचन किया गया जिससे पूरा मंदिर परिसर भक्तिरस में सराबोर हो गया। कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और धर्मलाभ प्राप्त किया।